न्यायालय जनपद न्यायाधीश, कन्नौज।
सिविल प्रकीर्ण वाद संख्या–16/74/2026
अल्का द्विवेदी बनाम चन्द्र मोहन चोपड़ा

17.03.2026

आदेश

प्रकीर्ण वाद पेश हुआ। प्रार्थिनी अल्का द्विवेदी की ओर से जरिए विद्वान अधिवक्ता अन्तरण प्रार्थना पत्र 3C2 मय समर्थित शपथ पत्र 4C2 इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थिनी के दो वाद, वाद संख्या–335/2018 अल्का द्विवेदी बनाम चन्द्र मोहन चोपड़ा व वाद संख्या–594A/2018 अल्का द्विवेदी बनाम चन्द्र मोहन चोपड़ा सिविल जज(सी.डि.)/एफ.टी.सी. कन्नौज के न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों वाद समेकित हो चुके हैं। विपक्षी ने भी एक वाद, वाद संख्या–413/2017 चन्द्र मोहन चोपड़ा बनाम अल्का द्विवेदी दायर किया, जो सिविल जज (सी.डि.) कन्नौज के न्यायालय में लम्बित है। तीनों वादों की विषय वस्तु एवं पक्षकार समान है। तीनों वादों का विचारण एक ही न्यायालय से कराए जाने की याचना की गई है।

उक्त स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र में किए गए कथनों के सम्बन्ध में संबंधित न्यायालयों से आख्या आहूत की गई। विपक्षी को नोटिस भेजा गया।

सुना तथा संबंधित न्यायालयों की आख्याओं का अवलोकन किया।

प्रार्थिनी द्वारा अपने अन्तरण प्रार्थना पत्र में कथन किया गया है कि उपरोक्त तीनों वादों की विषय वस्तु व पक्षकार समान हैं। प्रार्थिनी का अंतरण प्रार्थना पत्र शपथ पत्र से समर्थित है। प्रार्थिनी द्वारा अपने अंतरण प्रार्थना पत्र में जिन न्यायालयों में उपरोक्त वादों का लम्बन होना कहा गया है, वह संबंधित न्यायालयों की आख्या में अंकित है। ऐसी स्थिति में **वाद संख्या–335/2018 अल्का द्विवेदी बनाम चन्द्र मोहन चोपड़ा व वाद संख्या–594A/2018 अल्का द्विवेदी बनाम चन्द्र मोहन चोपड़ा** को सिविल जज (सी.डि.)/एफ.टी.सी. कन्नौज के न्यायालय से वापस लेकर विधिनुसार सुनवाई हेतु **सिविल जज (सी.डि.) कन्नौज** के न्यायालय में अन्तरित किया जाता है। तद्नुसार प्रकीर्ण वाद निस्तारित किया जाता है।

(नरेन्द्र कुमार झा)
जनपद न्यायाधीश,
कन्नौज।
J.O.CODE–UP02007

Digitally signed by NARENDRA KUMAR JHA
Date: 2026.03.17 17:18:16 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court Kannauj